



SHRI ANAND GOPAL MAHINDRA

Shri Anand Gopal Mahindra is the Chairman of the Rs. 1,44,033 crore Mahindra Group and the Executive Chairman of Mahindra & Mahindra Limited. His tenure has seen the Group expand domestically and internationally into a range of major industrial sectors from automobiles and agriculture to IT and Aerospace.

2. Born on 1st May, 1955, Shri Mahindra graduated from Harvard College (1977) and secured an MBA from Harvard Business School (1981). He has served on several influential bodies, national and international. These include the UN Global Compact Board, Global Board of Advisors of the Council on Foreign Relations, World Bank Group's Advisory Board for Doing Business and the International Advisory Council of Singapore's Economic Development Board. He has been the President of The Confederation of Indian Industry and served on the boards of the National Stock Exchange of India and the National Council of Applied Economic Research. He is currently on the board of Invest India, the National Investment Promotion and Facilitation Agency.

3. Shri Mahindra is an incisive business commentator and humanitarian with over 7 million followers on Twitter. Among his many social change initiatives is the 'Nanhi Kali' programme, which, for the last two decades, has provided over 330,000 under-privileged girls access to high quality education. He is the Chairman of the Board of 'Naandi Foundation', India's leading NGO focused on educating girls, skilling youth and providing sustainable livelihoods to small farmers through biodynamic agriculture. He also serves on the Founders Board of The Rise Fund, a $2 billion impact fund.

4. In 2014, Shri Mahindra conceived of and co-founded the 'Pro Kabaddi League' to popularize the ancient and popular Indian game of kabaddi. The league has succeeded in creating a new popular fan following for Kabaddi in a cricket-obsessed nation. He is a strong votary of arts and culture. Mahindra Blues, Mahindra Excellence in Theatre Awards and Mahindra Sanatkada celebrate and nurture music, theatre culture, art and history in India. He serves on the Board of Trustees of the Natural History Museum of London and as Chairman of the India Advisory Council of the Lincoln Center.

5. Shri Mahindra has been named in Barron's List of Top 30 CEOs worldwide (2016) and Fortune Magazine's list of the World's 50 Greatest Leaders (2014). He was appointed 'Knight in the National Order of the Legion of Honour' by the President of the French Republic (2016) and conferred the 'Grand Officer of the Order of the Star of Italy', by the President of Italy (2013).





श्री आनंद गोपाल महिंद्रा

श्री आनंद गोपाल महिंद्रा 1,44,033 करोड़ रुपये के कारोबार वाले महिंद्रा ग्रुप के अध्यक्ष और महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के कार्यकारी अध्यक्ष हैं। उनके कार्यकाल में ग्रुप का विस्तार आटोमोबाइल और कृषि से लेकर सूचना प्रौद्योगिकी और एरोस्पेस जैसे कई प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुआ है ।

2. 1 मई, 1955 को जन्मे, श्री महिंद्रा ने हावर्ड कॉलेज से स्नातक (1977) और हावर्ड बिजनेस स्कूल से एमबीए (1981) की उपाधि प्राप्त की है। उन्होने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक महत्वपूर्ण निकायों में अपनी सेवाएं दी हैं । इनमें यूएन ग्लोबल कॉम्पैक्ट बोर्ड, ग्लोबल बोर्ड ऑफ एडवाइजर्स ऑफ द काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशन, वर्ल्ड बैंक ग्रुप्स एडवाइजरी बोर्ड फॉर डूइंग बिजनेस और इंटरनेशनल एडवाइजरी काउंसिल ऑफ सिंगापुर इकोनोमिक डिवेलपमेंट बोर्ड जैसे निकाय शामिल हैं। वह भारतीय उद्योग परिसंघ के अध्यक्ष भी रहे हैं उन्होंने और भारत के राष्ट्रीय स्टॉक विनिमय बोर्ड और राष्ट्रीय व्यावहारिक आर्थिक अनुसंधान परिषद में भी अपनी सेवाएं प्रदान कीं। वर्तमान समय में, वह नेशनल इंवेस्टमेंट प्रोमोशन एंड फैसिलिटेशन – इन्वेस्ट इंडिया बोर्ड में पदासीन हैं।

3. श्री महिंद्रा एक कुशल बिजनेस कमेंटेटर और मानवतावादी व्यक्तित्व के धनी हैं जिनके ट्विटर पर 70 लाख से अधिक फोलोवर हैं। उन्होंने सामाजिक परिवर्तन लाने की दिशा में कई पहल शुरू की हैं जिनमें से एक पहल 'नन्ही कली' अभियान है जिसके जरिए विगत दो दशकों में 3,30,000 से अधिक वंचित बालिकाओं को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की गई है। वह बालिकाओं को शिक्षित करने, युवाओं को कौशल प्रदान करने और बायोडायनामिक कृषि के जरिए छोटे किसानों को स्थायी आजीविका मुहैया कराने की दिशा में काम करने वाले भारत के शीर्ष एनजीओ 'नंदी फाउंडेशन' के बोर्ड के अध्यक्ष हैं । वह 2 बिलियन यूएस डॉलर इम्पैक्ट फंड वाले फाउंडर्स बोर्ड ऑफ द राइज़ फंड में भी अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं ।

4. वर्ष 2014 में, श्री महिंद्रा ने भारत के प्राचीन और लोकप्रिय खेल कबड्डी को आधुनिक समय में और अधिक लोकप्रिय बनाने के लिए प्रो–कबड्डी लीग की परिकल्पना की और उसके संस्थापक बने। एक क्रिकेट की दीवानगी वाले देश में, इस लीग ने कबड्डी के लिए नए लोकप्रिय प्रशंसक बनाने में सफलता हासिल की। वह कला और संस्कृति के दृढ़ पक्षधर हैं। महिंद्रा ब्लूज, महिंद्रा एक्सिलेन्स इन थिएटर अवार्ड्स और महिंद्रा सनतकदा जैसी संस्थाएं भारत में संगीत, थिएटर संस्कृति, कला और इतिहास को प्रोत्साहन देती हैं और उन्हें संरक्षित रखने की दिशा में कार्य करती हैं। वह नैचुरल हिस्ट्री म्यूज़ियम ऑफ लंदन के बोर्ड ऑफ ट्रस्टी में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और इंडिया एडवाइजरी काउंसिल ऑफ लिंकन सेंटर के अध्यक्ष के पद पर भी सुशोभित हैं।

5. श्री महिंद्रा का नाम दुनिया के शीर्ष 30 सीईओ के बैरन लिस्ट (2016), फॉर्च्यून पत्रिका के विश्व के शीर्ष 50 महानतम लीडरों की सूची (2014) में शामिल किया गया है। उन्हें फ्रांस गणराज्य के राष्ट्रपति द्वारा "नाइट इन द नेशनल ऑर्डर ऑफ लिजियन ऑफ ऑनर"(2016) नियुक्त किया गया था और इटली के राष्ट्रपति द्वारा "ग्रांड ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ इटली" की उपाधि से सम्मानित किया गया।